प्रथम सूचना रिपोर्ट
दं0प्र0सं0 की धारा 154 के अन्तर्गत

1. जिला पंचकूला थाना राज्य चौकसी ब्यूरो, पंचकूला वर्ष 2014 प्र0सु0रि0स0 02
   दिनांक 17.1.2014

2. धारा 7 पी.सी. 1988

3. (क) अपराध की घटना : 17.1.14
   (ख) थाने में सूचना प्राप्त होने की तारीख : दिनांक 17.1.2014 समय 06:40 पी0एम0.
   (ग) रोजनामचा रिपोर्ट कम संख्या : 15

4. सूचना का प्रकार : लिखित

5. घटनास्थलः (क) पूर्व लगभग 95 कि0मी0

6. शिकायतकर्ता / सूचनादाता
   नाम गौरव लालर
   पिता का नाम हिसम सिंह
   राष्ट्रीयता भारतीय
   व्यवसाय ठेकेदार
   पता गांव बापोली जिला यमुनानगर

7. ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्तों का पूरा विवरण
   नरेश कुमार जे.ई कार्यालय कार्यकारी अभियन्ता पंचायती राज अम्बालां
   लिंग पुरूष
   भाषा हिन्दी

8. सूचनादाता द्वारा देरी से सूचना दिये जाने का कारण कोई नहीं

प्रथम सूचना रिपोर्ट का विवरण :– सेवा मे विजिलैंस इन्सपैकटर जी,यमुनानगर , श्रीमान जी निवेदन है कि मै गौरव लालर पुत्र हिसम सिंह गांव बापोली जिला यमुनानगर का रहने वाला हूॅ स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य लेकर करता हूॅ मैने बिलासपुर मे स्ट्रीट लाईट लगवाने के कार्य लेने के लिए सरपंच बिलासपुर से

प्रस्ताव लेकर कार्यालय कार्यकारी अभियन्ता पंचायती राज अम्बाला मे श्री नरेश कुमार जे.ई को दिया हुआ है । जो कि इस अस्टीमेट को बनाने के लिए 5000/–रू की मांग कर रहा है जिसको मै यह रिश्वत देना नही चाहता यदि नही दूंगा तो वह स्ट्रीट लाईट का अस्टीमेट तैयार नही करेगा जो मै नरेश कुमार जे.ई को 5000/–रू0 बतौर रिश्वत देकर उसे रंगे हाथो पकड़वाना चाहता हूॅं , के खिलाफ कार्यवाही की जाये और इन पैसो के बारे रिर्काडिंग भी की हुई है । हस्ताः– गौरव लालर पुत्र श्री हिसम सिंह गांव बापोली जिला यमुनानगर मो0न0 805390007 कार्यवाही पुलिसः– आज मन निरीक्षक अपने स्टाफ सहित कार्यालय हूॅं श्री गौरव पुत्र श्री हिसम सिंह वासी गांव बापोली जिला यमुनानगर ने हाजिर कार्यालय आकर एक लिखित दरखास्त पेश की जो दरखास्त मजबून से सूर्त जुर्म 7 पी.सी.एक्ट 1988 का पाया जाने पर तहरीर बराये करवाने अभियोग अकिंत बदस्त सि0 नीरज कुमार न0 953/यमुनानगर के थाना रा0चौ0ब्यूरो, पंचकूला भेजा जा रहा है । मुकदमा न0 से सूचित किया जाये मन निरीक्षक मय ए.एस.आई रघुबीर सिंह न0 882/पंचकूला , ए.एस.आई रामेश्वर दास न0 58/कुरूक्षेत्र , एच.सी. संजय कुमार न0 575/कुरूक्षेत्र , एच.सी मशरूफ अली न0 2106/गुड़गांव के बा सवारी गाड़ी सरकारी एच.आर.68–8130 चालक ई.एच.सी यशपाल न0 621/करनाल के बराये करवाने डियूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त रवाना डी.सी. आफिस अम्बाला का होता हूॅं । तफतीशी बैग हमरा लिया गया हालात बजरिया फोन उच्च अधिकारीगण को अवगत करवाये गये मुदई गौरव लालर को भी साथ लिया गया । हस्ताः– सुरेश कुमार निरीक्षक रा0चौ0ब्यूरो उपकेन्द्र यमुनानगर दिनांक 17.1.14 अज कार्यालय रा0चौ0ब्यूरो, यमुनानगर एट 3:00 पी.एम अज थाना हस्ब आमद तहरीर पर मुकदमा बा जुर्म उपरोक्त दर्ज रजिस्टर करके कार्बन कापियां तैयार की गई जो स्पैशल रिपोर्ट बादस्त सि0 नीरज कुमार न0 953/यमुनानगर के इलाका मैजीस्ट्रेट यमुनानगर को व अफसरान बाला को भेजी जा रही है तथा नकल मिसल पुलिस मय असल तहरीर बदस्त सि0 नीरज कुमार न0 953/यमुनानगर के अनुसंधान हेतू निजद निरीक्षक सुरेश कुमार भेजी जा रही है ।

स्पैशल रिपोर्ट बादस्त
सि0 नीरज कुमार न0 953/यमुनानगर

हस्ता/–
एस.आई रमेश चन्द न0 446/सोनीपत
थाना रा0चौ0ब्यूरो, पंचकूला।